संक्षिप्त

युवा महोत्सव का आयोजन आज

करौली (निसं)। जिला युवा अधिकारी शरद त्रिपाठी ने बताया कि राजस्थान युवा बोर्ड, युवा मामले एवं खेल विभाग, राजस्थान सरकार द्वारा राज्य की लुप्त एवं दुर्लभ लोक कला एवं संस्कृति के संरक्षण, संवर्धन एवं प्रोत्साहन हेतु प्रदत्त निर्देशानुसार जिला स्तरीय युवा महोत्सव का आयोजन स्वामी विवेकानंद राजकीय मॉडल स्कूल ब्लॉक करौली मे आज शनिवार को प्रात 10:00 बजे से किया जाएगा। जिला युवा अधिकारी ने बताया कि इस दौरान पेंटिग प्रतियोगिता, भाषण, चित्रकला प्रतियोगिता, मोबाईल फोटोग्राफी प्रतियोगिता, सहित युवा महोत्सव के दौरान विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा जिसमें पुरूस्कार राशि से भी सम्मानित किया जाएगा।

ग्राम सभाओं का आयोजन

करौली,(नि.स.)। जिला कलेक्टर नीलाभ सक्सेना ने बताया कि सुशासन सप्ताह के दौरान समस्त विकास अधिकारी द्वारा आज 20 दिसंबर को सभी ग्राम पंचायतो पर विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया गया। जिसमें पेंशन सत्यापन, गलत तरीके से निरस्त हुई पेंशन का रीओपन एवं गलत तरीके से पेंशन प्राप्त करने वालों का निरस्तीकरण जैसी कार्यवाही की गई। जिनकी ग्राम पंचायत वार सूची समाज कल्याण विभाग द्वारा उपलब्ध करवा दी गई।

प्रथम विश्व ध्यान दिवस आज

गंगापुर सिटी,। यूनाइटेड नेशंस द्वारा उद्घोषित शनिवार को प्रथम विश्व ध्यान दिवस के अवसर पर गंगापुर सिटी स्थित जांगिड धर्मशाला में आध्यात्मिक गुरु श्री रविशंकर जी की विश्व प्रसिद्ध संस्था दी आर्ट ऑफ लिविंग की ओर से जयपुर से आये पूर्व प्रदेश प्रभारी व वरिष्ठ प्रशिक्षक राजेश पाराशर के सानिध्य में प्रात: 8 से 9 बजे नि:शुल्क ध्यान व योग का आयोजन किया जा रहा है। समस्त नगर वासियों से आग्रह है कि पधार कर ध्यान सत्र का लाभ उठावे। कार्यक्रम के आयोजक डॉ राजेंद्र शास्त्री, हनुमान अग्रवाल नारौली वाले, शिवम जांगिड, राजेंद्र छीपा व सुधीर रावत ने बताया कि योग व ध्यान से संबंधित, पिछले चार महीनों में हमारा यह पांचवा आयोजन है। अभी तक शहर के अनेकानेक युवा, महिला, व्यवसायी इन शिविरों का लाभ ले चुकें हैं। आशातीत परिणामों के चलते हर महीने शिविर के आयोजन हेतु हम कृत संकल्पित हैं।

महिला महासम्मेलन की बैठक संपन्न

गंगापुर सिटी,(निसं)। अंतरराष्ट्रीय वैश्य महिला महासम्मेलन की तहसील इकाई की आम सभा गुरुवार को खंडेलवाल धर्मशाला में की गई जिसमें आगामी कार्यक्रमों पर चर्चा की गई। सभी ने सामाजिक कार्यक्रम हेतु अपने अपने विचार बैठक में रखें। इसके साथ ही सभी ने मंडल की उपाध्यक्ष अंजू मालधनी को स्वच्छता सर्वेक्षण 2024 के अंतरगत नगर परिषद गंगापुर सिटी द्वारा स्वच्छता चैंपियन बनाने पर बधाई दी और उन्हें दुपट्टा और प्रतीक चिन्ह देकर उनका सम्मान किया। साधारण सभा में अध्यक्ष रेखा अग्रवाल, महामंत्री अनीता तुसाद, रेखा जैन, संजना मित्तल, देवल अग्रवाल, लक्ष्मी गुप्ता, मिथलेश गुप्ता, मधु जैन, सारिका खंडेलवाल, रेखा मोदी, दीप्ति गुप्ता, रेखा गुप्ता, रिचा गुप्ता, सुनीता सिंघल, सीता गर्ग, मनीषा खंडेलवाल, कुसुम गुप्ता सहित कार्यकारणी सदस्य मौजूद रहे।

आरोग्य शिविर का आयोजन

भरतपुर,(निसं)। उप तहसील मुख्यालय लखनपुर स्थित आदर्श आयुष्मान आरोग्य मंदिर पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देश पर मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य शिविर का आयोजन किया गया। जिसमे शुगर,बीपी, थाइराइड, हिमोग्लोबिन अन्य जाँचों के अलावा निशुल्क एलोपैथिक, आयुर्वेदिक, होम्योपैथिक एवं यूनानी दवाईयां वितरित की गई। शिविर मे लगभग 400 व्यक्तियों को चिकित्सा परामर्श दिया गया। इस अवसर पर चिकित्सा प्रभारी डॉ सौम्य कुमार गक्खड़, आयुष चिकित्सक डॉ त्रिलोक चंद सिंघल, आयुष चिकित्सक डॉ रोमाना नदबई, डॉ योगेश कुमार मीना भदीरा, सीएचओ नरेंद्र सिंह मई, लैब जांच अधिकारी दीवान सिंह, योगेश शर्मा, एलएचवी गीता देवी, एएनएम दीपिका, मेल नर्स मदनमोहन शर्मा, ओमप्रकाश नदबई, सुपरवाइजर आशा, समाजसेवी एडवोकेट महेश लखनपुर के साथ सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित रहे।

स्टेट रिव्यू मिशन के तहत चिकित्सा संस्थानों का 16 टीमों ने किया निरीक्षण

कलेक्ट्रेट सभागार में समीक्षा बैठक का आयोजन किया ।

- राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की निदेशक डॉ. भारती दीक्षित की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित हुई

भरतपुर, (निस)। स्वास्थ्य सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण, सुचारू संचालन एवं स्वास्थ्य मानकों में सुधार के लिए चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की ओर से स्टेट रिव्यू मिशन के तहत 16 टीम के 48 सदस्यों द्वारा दो दिवसीय सघन निरीक्षण के बाद राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की निदेशक डॉ. भारती दीक्षित की अध्यक्षता में शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया।

मिशन निदेशक ने कहा कि प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ीकरण कर स्वास्थ्य मानकों को अधिक बेहतर करना राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता में है। उन्होंने कहा कि मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं, संस्थागत प्रसव, टीकाकरण, साफ-सफाई सहित अन्य पैरामीटर्स में शत-प्रतिशत लक्ष्य हासिल करने के लिये चिकित्सा अधिकारी टीम भावना से कार्य करें। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा संचालित स्वास्थ्य योजनाओं का लाभ निचले स्तर तक पहुंचे और आमजन को जांच, उपचार आदि में किसी तरह की कठिनाई नहीं हो। डॉ भारती दीक्षित ने कहा कि स्वास्थ्य कार्यक्रमों के क्रियान्वयन एवं अस्पतालों की सुविधाओं में सुधार कर आमजन का विश्वास अर्जित करें जिससे स्थानीय स्तर पर ईलाज की सुविधा मिल सके। उन्होंने जिले के ग्रामीण क्षेत्रों से जिला मुख्यालय तथा जिला मुख्यालय से जयपुर रैफर किये जाने वाले मरीजों की संख्या में कमी लाते हुये आमजन को स्थानीय स्तर पर बेहतर चिकित्सा सुविधा प्रदान करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि जांच मशीनों का पूरा उपयोग हो, जहां मशीन है, लेकिन संचालित करने के लिए मानव संसाधन उपलब्ध नहीं है, वहां तत्काल प्रभाव से वैकल्पिक व्यवस्था की जाए। उन्होंने कहा कि संस्थागत प्रसव व टीकाकरण के लक्ष्यों में आ रहे गैप को कम करने के लिये नियमित पोर्टल पर फिडिंग के साथ आमजन में और अधिक जागरूकता पैदा की जाए। मिशन निदेशक ने कहा कि चिकित्सा सुविधाओं के लिये बजट की कमी नहीं है रिक्त पदों को भरने के लिये भी डीएचएस के माध्यम से प्रक्रिया पूरी के लिये शिथिलता दी जा रही है। उन्होंने निर्माणाधीन भवनों के कार्यो को गति देने एवं नवीन स्वीकृत संस्थानों के लिये भूमि आवंटन के साथ ही निविदा प्रक्रिया पूरी कर गुणवत्ता से कार्य कराने के निर्देश दिये।

कलश यात्रा पर पुष्प वर्षा की

गंगापुर सिटी,। छोटी काशी धाम नगरी गंगापुर सिटी में श्रीराधा कृष्ण मानस मंडल के तत्वावधान में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा की शुक्रवार को श्री सीताराम जी मंदिर से कलश यात्रा का ब्राह्मण समाज गंगापुर सिटी के पदाधिकारी व ब्रह्मजनों द्वारा उदेई मोड गुलकंदी स्कूल के पास पुष्प वर्षा कर स्वागत अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर ब्राह्मण समाज अध्यक्ष एवं विप्र फाउंडेशन प्रदेश महामंत्री डॉ हेमंत शर्मा ने कहा कि आसपास के क्षेत्र में धार्मिक नगरी छोटी काशी के रूप में प्रसिद्ध गंगापुर शहर में 108 श्रीमद् भागवत आयोजन कराना अद्भुत है। निश्चित रूप से धार्मिक आयोजनों से आमजन में आपसी सद्भाव और भाईचारे को बढावा मिलता है। स्वागत अभिनंदन कार्यक्रम में विप्र फाउंडेशन राजस्थान जोन एक डी जिलाध्यक्ष दिलीप तिवाडी, सर्व ब्राह्मण महासभा जिलाध्यक्ष बालकृष्ण शर्मा, प्रदेश सचिव विष्णु गुरुजी, राजेन्द्र कुसुम, शुभम शर्मा, दुर्गेश शर्मा, योगेश हाडौत्या सहित अनेक ब्रह्मजन उपस्थित रहे।

ग्राम पंचायत में क्रय की जाने वाली सामग्री मानक चिन्ह देखकर खरीदे

गंगापुर सिटी,। भारतीय मानक ब्यूरो के सहयोग से मानक चौपाल का आयोजन गंगापुर सिटी जिले की ग्राम पंचायत पीलोदा में कंज्यूमर कनफेडरेशन ऑफ इंडिया, सीसीआई द्वारा किया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता कंज्यूमर्स कनफेडरेशन ऑफ इंडिया सीसीआई के राष्ट्रीय महासचिव एवं सवाई माधोपुर ग्रामीण उपभोक्ता संस्थान के अध्यक्ष मुकेश कुमार वैष्णव ने कहा कि सभी उपभोक्ताओं को भारतीय मानक ब्यूरो द्वारा बनाए गए मानक चिन्ह वाले गुणवत्ता उत्पादों को ही खरीदना चाहिए एवं सरपंचों को भी पंचायत में होने वाले निर्माण कार्य में खरीदी जाने वाली सभी वस्तुएं मानकीकृत यानी मानक चिन्ह वाली होनी चाहिए जैसे सीमेंट, सरिया, ईट, बजरी, रोडी आदी इन सभी के भारतीय मानक ब्यूरो द्वारा मानक निर्धारण किए हुए हैं, उनके अनुरूप ही वस्तु क्रय की जानी चाहिए। भारत में मानकीकरण का कार्य निरंतर प्रगति पर है। भारतीय मानक ब्यूरो सुरक्षा और गुणवत्ता की गारंटी प्रदान करता है। भारतीय मानक इस दिशा में कार्य को मजबूती प्रदान करते हैं। वैष्णव ने कहा कि सभी उपभोक्ताओं को बी आई एस केयर एप, अपने मोबाइल में डाउनलोड कर लेना चाहिए। इसके माध्यम से अनिवार्य मानकीकृत वस्तुओं का एवं सोने चांदी में शुद्धता हॉलमार्क की जांच और मानक चिन्ह लगी हुई वस्तु स्तरहीन या खराब निकलती है तो उसकी शिकायत इस ऐप के माध्यम से की जा सकती है। उपभोक्ता संस्थान अध्यक्ष वैष्णव ने ग्रामीण क्षेत्र में आभूषणों के विक्रेताओं को कहा कि आभूषणों पर हॉलमार्किंग अनिवार्य की गई है, जिससे सोने चांदी की गुणवत्ता सुनिश्चित हुई है। उन्होंने कहा कि जिन वस्तुओं का लाइसेंस अनिवार्य किया गया है, कोई भी बगैर लाइसेंस के उसका निर्माण और विक्रय नहीं कर सकता। उपभोक्ता संस्थान सीसीआई के गंगापुर सिटी जिला अध्यक्ष गोविंद नारायण शर्मा ने उपभोक्ता कानून एवं अधिकारों की जानकारी देते हुए कहा कि 37 वर्ष बीत जाने के बाद भी हमारा देश का उपभोक्ता जागरूकता के अभाव में ठगी एवं शोषण का शिकार हो रहा है। सीसीई सवाई माधोपुर जिला अध्यक्ष आदित्य भारद्वाज ने कहा कि अब भारत सरकार ने सरपंच एवं सचिवों को ग्रामीण स्तर तक उपभोक्ताओं को जागरूक करने एवं भारतीय मानक ब्यूरो और उपभोक्ता कानून की जानकारी पहुंचने का माध्यम बनाया है जिससे इसका लाभ दूर दराज तक पहुंच सके। कार्यक्रम का संचालन गुलबंदन मीणा ने किया एवं हरफूल बैरवा ने उपभोक्ताओं को उदाहरण देकर बताया कि किस तरह से उपभोक्ता ठगी के शिकार हो रहे हैं और उपभोक्ताओं को उपभोक्ता संगठनों से जुडकर मदद देनी चाहिए। उपभोक्ता महासंघ के माधोपुर जिला अध्यक्ष सुरेश शर्मा ने सभी अतिथियों का स्वागत एवं धन्यवाद ज्ञापित किया।

शिविर में लोगों ने लिया स्वास्थ लाभ

श्रीमहावीरजी। समीप के गांव सनेट के पूरा में शुक्रवार को संकल्प ग्राम विकाश समिति के तत्तावधान में लायंस क्लब के सहयोग से नेत्र प्रत्यारोपण एव चिकित्सा शिविर में 400 लोगों नेत्र परीक्षण मोतियाबिंद ऑपरेशन व निशुल्क दवा वितरण शिविर आयोजित होगा।आयोजन समिति के सदस्य और शिविर सयोजक लखन सिंह मीना ने बताया कि संकल्प ग्राम विकाश समिति के संरक्षक वरिष्ठ आई एफ एस अधिकारी धर्मसिंह मीना के मार्गदर्शन में जन सेवा के उद्देश्य से संकल्प ग्राम विकाश समिति के सौजन्य से विशाल निशुल्क नेत्र परीक्षण व चिकित्सा जांच शिविर में आयिजित हुआ जिसने 400 लोगों ने रोगियों की स्वास्थ जांच की गई।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उत्तराखंड बेच के वरिष्ठ आई एफ एस धर्म सिंह मीणा ने कार्यक्रम का उद्घाटन किया शिविर में सीपी हॉस्पिटल और श्री कृष्णा हॉस्पिटल की चिकित्सा टीम के जनरल फिजिशियन डॉक्टर हरिता, ब्लड बैंक इंचार्ज डॉक्टर सचिन सहित स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं ने अपनी सेवाए दी।

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की समीक्षा बैठक आयोजित

- स्टेट रिव्यू मिशन के तहत चिकित्सा संस्थानों का 16 टीमों ने किया निरीक्षण

भरतपुर, (निस)। स्वास्थ्य सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण, सुचारू संचालन एवं स्वास्थ्य मानकों में सुधार के लिए चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की ओर से स्टेट रिव्यू मिशन के तहत 16 टीम के 48 सदस्यों द्वारा दो दिवसीय सघन निरीक्षण के बाद राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की निदेशक डॉ. भारती दीक्षित की अध्यक्षता में शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। मिशन निदेशक ने कहा कि प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ीकरण कर स्वास्थ्य मानकों को अधिक बेहतर करना राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता में है। उन्होंने कहा कि मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं, संस्थागत प्रसव, टीकाकरण, साफ-सफाई सहित अन्य पैरामीटर्स में शत-प्रतिशत लक्ष्य हासिल करने के लिये चिकित्सा अधिकारी टीम भावना से कार्य करें। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा संचालित स्वास्थ्य योजनाओं का लाभ निचले स्तर तक पहुंचे और आमजन को जांच, उपचार आदि में किसी तरह की कठिनाई नहीं हो। डॉ भारती दीक्षित ने कहा कि स्वास्थ्य कार्यक्रमों के क्रियान्वयन एवं अस्पतालों की सुविधाओं में सुधार कर आमजन का विश्वास अर्जित करें जिससे स्थानीय स्तर पर ईलाज की सुविधा मिल सके। उन्होंने जिले के ग्रामीण क्षेत्रों से जिला मुख्यालय तथा जिला मुख्यालय से जयपुर रैफर किये जाने वाले मरीजों की संख्या में कमी लाते हुये आमजन को स्थानीय स्तर पर बेहतर चिकित्सा सुविधा प्रदान करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि जांच मशीनों का पूरा उपयोग हो, जहां मशीन है, लेकिन संचालित करने के लिए मानव संसाधन उपलब्ध नहीं है, वहां तत्काल प्रभाव से वैकल्पिक व्यवस्था की जाए। उन्होंने कहा कि संस्थागत प्रसव व टीकाकरण के लक्ष्यों में आ रहे गैप को कम करने के लिये नियमित पोर्टल पर फिडिंग के साथ आमजन में और अधिक जागरूकता पैदा की जाए। मिशन निदेशक ने कहा कि चिकित्सा सुविधाओं के लिये बजट की कमी नहीं है रिक्त पदों को भरने के लिये भी डीएचएस के माध्यम से प्रक्रिया पूरी के लिये शिथिलता दी जा रही है। उन्होंने निर्माणाधीन भवनों के कार्यो को गति देने एवं नवीन स्वीकृत संस्थानों के लिये भूमि आवंटन के साथ ही निविदा प्रक्रिया पूरी कर गुणवत्ता से कार्य कराने के निर्देश दिये। उन्होंने जयपुर से आये निरीक्षण दलों की रिपोर्ट का बिन्दुवार समीक्षा कर कमियों को एक माह में दूर करने तथा टीम भावना के साथ लक्ष्य पूरे करने के निर्देश दिये। इस अवसर पर निदेशक जनस्वास्थ्य डॉ. रवि प्रकाश माथुर, निदेशक आरसीएच डॉ. सुनीत राणावत, एसपीएम डॉ. लोकेश चतुर्वेदी, मुख्यालय से निरीक्षण के लिए गए अधिकारी, मेडिकल कॉलेज प्राचार्य डॉ. तरूण लाल, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी भरतपुर डॉ. गौरव कपूर, अधीक्षक आरबीएम अस्पताल डॉ. नागेन्द्र भदोरिया सहित दोनों जिलों के चिकित्सा अधिकारी उपस्थित रहे।

आमजन कचरा फेंकने को लेकर परेशान

- घर घर से कचरा एकत्रित करने वाली गाड़ी नहीं पहुंच रही वार्डों में

भरतपुर, (निस)। गाड़ी वाला आया, घर से कचरा निकाल की आवाज अब कई दिनों से थम सी गई है। पिछले चार दिनों से किसी भी वार्ड में घर-घर से कूड़ा इकट्ठा करने वाली गाड़ी नहीं पहुंच रही है जिससे आमजन को खासा परेशानी का सामना करना पड़ रहा है और कूड़े करकट एकत्रित होने से आमजनता परेशान हो रही हैं।

लोहागढ़ उत्थान मोर्चा के वरिष्ठ उपाध्यक्ष शिवकुमार वशिष्ठ ने नगर निगम आयुक्त को पत्र लिखकर बताया कि पिछले चार दिनों से घर-घर से कचरा एकत्रित करने वाली गाड़ी वार्डों में नहीं पहुंच रही है। कचरा गाड़ी के नहीं पहुंचने से घरों में कूड़ा करकट एकत्रित हो रहा है। मजबूरी में लोग कूड़े करकट को इधर-उधर फेंकने के लिए भटक रहे हैं। वहीं जगह-जगह कचरे के ढेर भी लगते जा रहे हैं। हालांकि ट्रैक्टर ट्रॉलियों द्वारा दोपहर बाद कचरा को उठाने की कार्रवाई कचरा प्वाइंटों से की जा रही है।

लेकिन घर में एकत्रित हो रहा कूड़ा लोगों के लिए परेशानी का सबब बनता जा रहा है। शिवकुमार वशिष्ठ ने आयुक्त को लिखे पत्र में बताया कि सड़कों पर पड़े हुए कचरे को एकत्रित करने के लिए तो सफाई कर्मी पहुंच रहे हैं लेकिन घर-घर पर इकट्ठा हो रहे कूड़ा लेने के लिए किसी के नहीं पहुंचने से लोग परेशान हो रहे हैं। उन्होंने बताया है कि अगर कूड़े को घर से बाहर फेंकते हैं तो सड़क पर कचरा एकत्रित हो जाता है।

इसलिए कचरे को फेंकने के लिए कोई खास व्यवस्था नहीं होने की वजह से लोग कचरा को एक थैली में भरकर कचरा प्वाइंटों पर जाने पर मजबूर हो रहे हैं। बताया गया है कि कचरा गाड़ी से कूड़ा करकट एकत्रित करने वाले कार्मिकों को काफी समय से वेतन नहीं मिला है।

वेतन नहीं मिलने की वजह से पिछले चार दिनों से उन्होंने कार्य करना बंद कर दिया है और कचरा एकत्रित करने के लिए वे वार्डों में नहीं पहुंच रहे हैं। सफाई कंपनी द्वारा कार्मिकों को वेतन नहीं दिए जाने का खामियाजा आम जनता को भुगतना पड़ रहा है।

बैंड बाजा के साथ 551 कलशों की कलश यात्रा निकाली

कलश यात्रा में 108 पोथी भागवत कथा ले जाते यजमान एवं पूजा अर्चना करते यजमान।

- श्री राधा कृष्ण मानस मंडल की ओर से 108 पोथी भागवत कथा का हुआ शुभारंभ

गंगापुर सिटी,। श्री राधा कृष्ण मानस मंडल की ओर से शुक्रवार को शहर के हृदय स्थल पुरानी अनाज मंडी स्थित सीताराम जी मंदिर से बैंड बाजा के साथ 551 कलश यात्रा उदेई मोड भगवती पैलेस कथा स्थल तक निकाली गई। भव्य कलश यात्रा के साथ 108 पोथी भागवत कथा का शुभारंभ हो गया। श्री राधा कृष्ण मानस मंडल के सदस्य और पदाधिकारी शुक्रवार को पुरानी अनाज मंडी के सीताराम जी मंदिर पर एकत्रित हुए यहां पर भगवान श्री सीताराम जी के साथ-साथ सभी देवी देवताओं और प्रधान कलशो की विधिवत मंत्रोचार के साथ में पूजा अर्चना की गई। यहां पर आचार्य शास्त्री रमेश चंद्र पंचोली के सानिध्य में पंडित मुरारी शरण सहित विद्वान पंडितों के द्वारा विधिवत मंत्रोचार के साथ पूजा अर्चना संपन्न करवाई गई। इसके बाद में बैंड बाजा के साथ कलश यात्रा शुरू हुई। कलश यात्रा में सबसे आगे 551 कलश लिए महिलाएं और उनके पीछे मुख्य यजमान मुरारी लाल मिजौरा और दिनेश चंद्र मिजौरा और उनके पीछे 108 यजमान भागवत पोती सर पर लेकर चल रहे थे। कलश यात्रा में आचार्य रमेश चंद्र शास्त्री रथ में सवार थे और उनके पीछे संत कैलाशदास जी महाराज भी रथ में सवार थे। कलश यात्रा में श्री राम दरबार, राधा कृष्ण, शिव पार्वती की भव्य और आकर्षक झांकी सजाई गई। कलश यात्रा सीताराम जी के मंदिर की परिक्रमा करते हुए रवाना हुई। कलश यात्रा पुरानी अनाज मंडी सीताराम जी मंदिर से पावर हाउस, फव्वारा चौक, पुरानी चुंगी, गुलकंदी स्कूल और उदेई मोड से भगवती मैरिज होम कथा स्थल तक पहुंची। यहां पर 108 विद्वान पंडितों के द्वारा 108 यजमान सहित मुख्य यजमान से एक बार फिर भागवत पोती का विधिवत पूजा अर्चना संपन्न करवाई गई। कलश यात्रा का मार्ग में अग्रवाल समाज पुरानी अनाज मंडी के व्यापारियों के अलावा सभापति शिवरतन अग्रवाल, प्राइवेट बस स्टैंड पर पूर्व पालिका अध्यक्ष गीता देवी नरूका, ऑपरेटर यूनियन अध्यक्ष दीपक नरूका, श्री श्याम परिवार, अग्रवाल समाज समिति गंगापुर सिटी, महेश चंद्र गुप्ता पत्तलडोना वाले, वस्त्र व्यापार संघ भारत मिल, दिनेश चंद्रगुप्ता मालधनी, गहलोत ट्रैक्टर्स छोटेलाल सैनी, श्री राम कथा सेवा समिति गंगापुर सिटी सहित विभिन्न सामाजिक संगठनों के द्वारा स्वागत किया गया।

दो दिवसीय कार्यशाला 21 से

भरतपुर,। समृद्ध भारत अभियान द्वारा जिला विकास मॉडल तैयार करने के लिए दो दिवसीय कार्यशाला शनिवार 21 दिसम्बर से सरसों अनुसंधान केन्द्र में आयोजित होगी। जिसमें भरतपुर, धौलपुर, हरदा (मध्यप्रदेश) एवं कनेरी मठ (महाराष्ट्र) में कराये गये। विकास कार्यो को चिन्हित व अध्ययन कर ऐसे जिला विकास मॉडल की रूप रेखा तैयार की जाएगी जो स्थानीय चुनौतियों के समाधान के अलावा विकास को कई गुना गति देने में सक्षम हो। संस्था के निदेशक सीताराम गुप्ता ने बताया कि इस प्रकार की कार्यशाला राज्य में पहली बार आयोजित हो रही है जिसमें भरतपुर जिले में आजीविका संवर्धन व ग्राम स्तरीय विकास कार्यो से आई आर्थिक समृद्धि, धौलपुर जिले में मंजरी फाउंडेशन द्वारा महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण, कौशल विकास व स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से जीवन में आये परिवर्तन, हरदा (मध्य प्रदेश) में ग्रामीणों की बनाई समितियों के माध्यम से किसानों के आर्थिक उन्नयन, किसान उत्पादक संगठनों का गठन व डिजीटल प्लेटफार्म के उपयोग से कौशल प्रशिक्षण व उद्यिमता के कार्यो पर भी प्रकाश डाला जायेगा।

सार-समाचार

स्वच्छता सप्ताह का होगा आयोजन

करौला,(नि.स.)। जिला कलेक्टर नीलाभ सक्सेना ने एक आदेश जारी कर बताया है कि संविधान दिवस, सरदार बल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती तथा पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के जन्म शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में राज्य सरकार द्वारा 25 दिसम्बर को सुशासन दिवस व 25 से 31 दिसम्बर 2024 तक स्वच्छता सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि सुशासन दिवस पर जिला मुख्यालयों, नगर निकायों, पंचायत समितियों एवं ग्राम पंचायत मुख्यालयों पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाना है इस संबंध में संबंधित अधिकारीगण को कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजित करवाने हेतु दायित्व सौंपे गये है। जिसमें जिला मुख्यालय पर आयुक्त नगरपरिषद, पंचायत समिति व ग्राम पंचायत स्तर पर संबंधित उपखण्ड अधिकारी, नगर निकायों पर आयुक्त, अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका, नगरपरिषद को नोडल अधिकारी बनाया गया है। व ग्राम स्तर, ब्लॉक स्तर व जिला स्तर पर विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन हेतु विभागों के अधिकारी व कर्मचारीयों को आवश्यक दिशा निर्देश जारी किये गये है।

एक आरोपी को किया गिरफ्तार

हिण्डौन सिटी। ऑपरेशन स्मैक आउट के श्रीमहावीरजी पुलिस ने 14 ग्राम 70 मिली ग्राम अवैध मादक पदार्थ स्मैक के साथ एक आरोपी को गुरुवार को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से बरामद स्मैक की अन्तराष्ट्रीय बाजार में करीब 2 लाख रुपए की कीमत है। पुलिस के अनुसार आरोपी झालावाड से सप्लाई करने के लिए अवैध मादक पदार्थ स्मैक लाया था। थाना प्रभारी कैलाश सिंह ने बताया कि उनके नेतृत्व में टीम का गठन किया गया। जिसमें मय जाब्ते के साथ टीम ने रेंडायल रोड पुलिया के पास श्रीमहावीरजी में नाकाबंदी के दौरान चांदनगांव से खण्डीप इलाका थाना वजीरपुर की तरफ आ रहे एक संदिग्ध ने नाकाबंदी देखकर मौके से भागने का प्रयास किया। लेकिन पुलिस ने उसे रोककर पूछताछ की व उसकी तलाशी ली। जिसमें वजीरपुर थाना क्षेत्र के खंडीप निवासी जितेंद्र कुमार मीना की कांस्टेबल रामावतार व कल्याणसिंह द्वारा तलाशी में जितेन्द्र मीना से बरामद हुई प्लास्टिक की थैली में 14 ग्राम 70 मिली ग्राम स्मैक मिलने पर उसे जब्त किया। साथ ही पूछताछ में आरोपी ने मादक पदार्थ स्मैक के बारे में झालावाड़ से लेकर आने की जानकारी दी। इस मामले में आरोपी को गिरफ्तार कर पूछताछ की जा रही है। इस दौरान कार्रवाई थाना अधिकारी कैलाशचन्द, डीएसटी प्रभारी धारासिंह, एएसआई मोतीराम, सुमेरसिंह, महेन्द्रसिंह, रामावतार, कल्याणसिंह, कमल किशोर डीएसटी टीम से शामिल रहे।

टक्कर में पिता की मौत, बेटा घायल

हिण्डौन सिटी। करौली रोड स्थित फैलीपुरा के पास शुक्रवार दोपहर 12 बजे पिअकप की टक्कर से बाइक सवार एक व्यक्ति की मौत हो गयी। वही बेटा गंभीर रूप से घायल हो गया। मृतक अपने बेटे के साथ करौली के सरकारी अस्पताल में भर्ती बीमार भांजे से मिलने के लिए जा रहा था।मृतक देवलेन के पास पीलवा निवासी यादराम जाटव (45) पुत्र दुर्गालाल जाटव है। वहीं बेटा मदन जाटव (23) हादसे में घायल हो गया। बेटे मदन ने बताया आज सुबह करीब 11 बजे वह अपने पिता के साथ करौली जाने के लिए गांव से बाइक पर निकले थे। इस दौरान फैलीपुरा के पास सामने से आ रही पिकअप ने टक्कर मार दी। टक्कर के बाद हम दोनों गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर गए। इस दौरान पिकअप चालक पिकअप लेकर फरार हो गया। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने मदद कर उन्हें जिला अस्पताल पहुंचाया।

बी.ई.एस.एल.की जनसुनवाई हुई

भरतपुर, (निस)। बिजली घर चौराहा स्थित भरतपुर इलेक्ट्रिसिटी सर्विसेज लिमिटेड् के सब-डिविजनल कार्यालय बिजली घर पर सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक जनसुनवाई का आयोजन किया गया। जिसमें बीईएसएल के आलाधिकारी मौजूद रहे। बीईएसएल के जनसंपर्क अधिकारी सुधीर प्रताप सिंह ने बताया कि भरतपुर शहर के सिर्फ 15 उपभोक्ता ही बिजली से संबंधित अपनी शिकायतें लेकर जनसुनवाई में आए। इनमें से कुछ उपभोक्ता विद्युत पोल व लाइन शिफ्ट कराना चाहते थे, कुछ ने नये विद्युत कनेक्शन के लिए अप्लाई किया। ज्यादातर उपभोक्ता विद्युत बिल में किश्त करवाना चाहते थे। उन्होंने बताया कि 8 परिवादों का समाधान मौके पर ही कर दिया गया। विद्युत पोल व लाइन शिफ्टिंग के 7 परिवादों का निस्तारण करने में 10 से 15 दिन का समय लगेगा।

पूर्व मंत्री के निवास पर हुई बैठक

कामा ,(निस)। विधानसभा यूथ कांग्रेस के कार्यकर्ताओं की मीटिंग पूर्व राज्य मंत्री जाहिदा खान के नेतृत्व में कामां निवास पर बैठक आयोजित हुई। जिसमें 21 दिसंबर को जयपुर में राजस्थान यूथ कांग्रेस द्वारा राज्य में बढ़ते नशे, बेरोजगारी, किसान, युवा, महिला व लाचार कानून व्यवस्था के खिलाफ मुख्यमंत्री आवास का घेराव किया जाएगा। इस महासंग्राम में शामिल होने के लिए कार्यकर्ताओं ने विचार विमर्श किया और लगभग 30 गाड़ियों में 200 कार्यकर्ता इस कार्यक्रम में जयपुर सम्मिलित होने का निश्चित किया। इसमें मुख्य तौर पर रॉबिन, जावेद, शमीम, इरशाद, अज़रु, राहुल इत्यादि युवा कार्यकर्ता शामिल हुए।

कार्यालय ग्राम पंचायत रतियापुरा पंचायत समिति मासलपुर, जिला करौली

क्रमांक:-Spl-6 दिनांक: 19.12.2024

ई-निविदा सूचना SBM/03/2024-25

ग्राम पंचायत रतियापुरा, पंचायत समिति मासलपुर के अधीनस्थ ग्रामों में दिनांक 31.03.2025 वित्तीय वर्ष 2024-25 में घर एवं व्यवसायिक प्रतिष्ठानों से कचरा संग्रहण एवं पृथक्ककरण, गांवों की सड़क एवं नाली सफाई कार्य तथा सामुदायिक स्वच्छता परिसर की सफाई कार्य की सेवाओं हेतु इच्छुक जी.एस.टी. पंजीकृत निविदादाताओं/फर्मों से निविदाएँ आमन्त्रित की जाती है। ई-निविदा से संबंधित विस्तृत विवरण http://eproc.rajasthan.gov.in एवं http://sppp.rajasthan.gov.in एवं कार्यालय पर देखी जा सकती हैं।

सरपंच, ग्राम पंचायत रतियापुरा, पंचायत समिति मासलपुर, जिला करौली

ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत रतियापुरा, पंचायत समिति मासलपुर, जिला करौली

कार्यालय मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी समग्र शिक्षा रूपवास (भरतपुर)

क्रमांक-सीबीईओ/रूपबास/2024-25/ICT LAB/नीलामी/लेखा शाखा/203

दिनांक: 19.12.2024

नीलामी हेतु विज्ञप्ति

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आईसीटी कम्प्यूटर लैब के अनुपयोगी एवं नाकारा सामान की नीलामी सार्वजनिक खुली बोली द्वारा सम्बन्धित विद्यालय परिसर में निम्नॉनुसार समय एवं दिनांक को की जावेगी। सरकार द्वारा पंजीकृत जीएसटी धारक फर्म नीलामी में भाग ले सकती है तथा किसी भी कार्य दिवस को नीलामी की शर्त कार्यालय में देखी जा सकती है।

क्र. सं.	विद्यालय का नाम	फेज	दिनॉक एवं समय
1	एमजीजीएस रूदावल	फेज-प्रथम	13.01.2025 प्रात: 10 बजे
2	राउमावि रूदावल	फेज-प्रथम	13.01.2025 दोपहर 01 बजे
3	एमजीजीएस बांसीपहाड़पुर	फेज-प्रथम	14.01.2025 प्रात: 10 बजे
4	एमजीजीएस दाहिनागॉव	फेज-प्रथम	16.01.2025 प्रात: 10 बजे
5	राउमावि खॉनुआ	फेज-प्रथम	17.01.2025 प्रात: 10 बजे
6	राउमावि गहनौलीमोड़	फेज-प्रथम	17.01.2025 दोपहर 01 बजे
7	पीएम श्री स्वतन्त्रता सैनानी श्री लाल सिंह राउमावि खानसूरजापुर	फेज-प्रथम	20.01.2025 प्रात: 10 बजे
8	स्वतन्त्रता सैनानी श्री रामचरन लाल गोयल राउमावि रूपबास	फेज-प्रथम	20.01.2025 दोपहर 01 बजे
9	एमजीजीएस इब्राहिमपुर	फेज-द्वितीय	21.01.2025 प्रात: 10 बजे

नोट:- 1. नीलामी हेतु गठित कमेटी की अभिशंषा पर नीलामी को निरस्त करने एवं आगामी तारीख तय करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षर कर्त्ता को होगा।
2. नीलामी से सम्बन्धित किसी भी प्रकार की शिकायत एवं वाद-विवाद सुनवाई नीलामी कमेटी द्वारा स्थानीय कार्यालय में सुनी जावेगी।

मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी
समग्र शिक्षा रूपबास (भरतपुर)